NEWS CLIPPING: 17.03.2021

HINDUSTAN

वाईएमसीए नौ संस्थानों को मार्गदर्शन देगा

चंडीगढ़/ फरीदाबाद | का.सं.

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) ने तकनीकी संस्थानों के गुणवत्ता मानकों में सुधार लाने में सहयोग देने के लिए जिले से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए मार्गदर्शक संस्थान का दर्जा दिया है।

इसके विश्वविद्यालय एआईसीटीई की मार्गदर्शन योजना के तहत नौ तकनीकी संस्थानों को गुणवत्ता मानकों में सुधार के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

एआईसीटीई की मार्गदर्शन योजना तकनीकी संस्थानों के गुणवत्ता मानकों में सुधार के साथ देश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लागू की गई है।

योजना के मुताबिक विश्वविद्यालय को आर्वंटित किए गए मार्गदर्शन के लाभार्थी संस्थानों में अरावली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट फरीदाबाद, द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग गुरुग्राम, डीपीजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गुरुग्राम, एनजीएफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पलवल, एंड्रयूज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट शामिल हैं।

इन के अलावा फारुक नगर गुरुग्राम, पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पानीपत, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक सोनीपत, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक मानेसर और गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक झज्जर शामिल हैं।

मार्गदर्शन देने के लिए 45 लाख का अनुदान स्वीकृत

जानकारी देते हुए मुख्य समन्वयक प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य सदस्य संस्थानों के शिक्षण संबंधी तकनीकी उत्थान के लिए संकाय विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाएं, अतिथि व्याख्यान और अन्य गतिविधियों का संचालन करना है। इस संबंध में परिषद की ओर से परियोजना के तहत तीन वर्ष की अवधि के लिए नौ तकनीकी संस्थानों को मार्गदर्शन देने के लिए 45 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया है। मार्गदर्शक संस्थान के रूप में चयनित होने पर खुसी जताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न गुणवत्ता मूल्यांकन मापदंडों पर खुद को स्थापित किया है। विश्वविद्यालय के अधिकांश तकनीकी पाठ्यक्रमों को एनबीए से मान्यता प्राप्त है। विश्वविद्यालय ने 2016 में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) के पहले ही चक्र में 'ए' ग्रेड मान्यता भी प्राप्त की थी।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 17.03.2021

NAVBHARAT TIMES

फरीदाबाद वाईएमसीए में बनेगा नया कैंपस

एनबीटी ब्यूरो, चंडीगढ़ : हरियाणा के तकनीकी शिक्षा मंत्री अनिल विज ने कहा है कि फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए विश्वविद्यालय में नए कैंपस का काम जल्द शुरू होगा। मंगलवार को बड़खल विधायक सीमा त्रिखा के सवाल पर तकनीकी शिक्षा मंत्री अनिल विज ने कहा कि वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के नये कैम्पस को लेकर वन विभाग की फॉरेस्ट की एनओसी अभी नहीं आई है। इस पर त्रिखा ने सदन में बैठे वन मंत्री कंवरपाल गुर्जर की ओर इशारा करते हुए कहा कि जब पूरी सरकार सदन में मौजूद है तो एनओसी में देरी कैसी। गुर्जर ने 'हां' में सिर हिलाया तो विज ने कहा कि एनओसी मिलते ही काम शुरू कर देंगे। 50 करोड़ से अधिक का बजट भी इसके लिए मंजूर हो चुका है।